आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 20.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।
- एक राष्ट्र, एक चुनाव की संयुक्त संसदीय समिति ने कहा – लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से लगभग सात लाख करोड़ रुपये की बचत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में एक दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि होगी।
- पौड़ी गढ़वाल में श्रीनगर क्षेत्र में डूंगरीपंथ रेलवे सुरंग का एसडीआरएफ–एनडीआरएफ ने संयुक्त निरीक्षण किया।
- 23 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट। जिला प्रशासन, सेना और हेमकुंड साहिब ट्रस्ट द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

<u>खंडूड़ी अंत्येष्टि</u>

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का अंतिम संस्कार आज हरिद्वार में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई वरिष्ठ नेता स्वर्गीय खंडूड़ी को अंतिम विदाई देने पहुंचे। इससे पहले उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय खंडूड़ी के देहरादून आवास पर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण सहित कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। मुख्यमंत्री ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन अनुशासन, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उत्तराखंड के विकास और जनसेवा में जो योगदान दिया, उसे यह प्रदेश सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## एक राष्ट्र– एक चुनाव

एक राष्ट्र– एक चुनाव पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने कहा है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराने से करीब 7 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पा द वृद्धि दर में 1 दशमलव 6 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। समिति के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी ने गुजरात के गांधीनगर में पत्रकारों को यह जानाकरी दी।

## ग्राम दुकान

नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड में "बाखली" नाम से ग्राम दुकान का शुभारंभ किया गया। नाबार्ड के सहयोग से शुरू की गई इस दुकान में क्षेत्र के करीब 50 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। दुकान में ऐपण कला, रिंगाल शिल्प, जूट उत्पाद, अचार, शहद, मोटे अनाज और अन्य स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हैं। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया कि ग्राम दुकान जैसी पहल महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएंगी।

वहीं, समूह से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि इस दुकान से स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलेगा और महिलाओं की आय में बढ़ोतरी होगी।

## रेलवे सुरंग निरीक्षण

पौड़ी गढ़वाल में श्रीनगर क्षेत्र के अंतर्गत डूंगरीपंथ रेलवे सुरंग का एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के संयुक्त दल ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान सुरंग की सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रवेश व निकासी मार्गों, आपातकालीन बचाव व्यवस्थाओं और संभावित आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन किया गया। संयुक्त दल ने सुरंग के भीतर जाकर विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं का निरीक्षण किया और भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की। अधिकारियों ने सुरंग में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन, आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया तथा समन्वित राहत कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने दल को सुरंग की संरचना, सुरक्षा उपकरणों, निकासी मार्गों और उपलब्ध आपदा प्रबंधन संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के दल ने पूरे सुरंग क्षेत्र का भ्रमण कर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए संभावित जोखिम वाले बिंदुओं का आकलन किया। एसडीआरएफ निरीक्षक मंजरी नेगी ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य डूंगरीपंथ रेलवे सुरंग की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना और किसी भी आपदा या आपात स्थिति में त्वरित व सुरक्षित राहत–बचाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ द्वारा समय–समय पर ऐसे संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जाता है।

हेमकुंड साहिब यात्रा

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन, सेना और हेमकुंड साहिब ट्रस्ट द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सेना के जवानों ने कठिन परिस्थितियों में पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर रास्ता साफ कर दिया है। वहीं गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा गोविंदघाट, घांघरिया और हेमकुंड साहिब में गुरुद्वारों को सजाने–संवारने का कार्य भी तेज कर दिया गया है। सेवादार यात्रियों की सुविधा के लिए दिन–रात जुटे हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि कपाट खुलने को लेकर सभी तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल और उत्तरकाशी के आसपास के क्षेत्रों में आज और कल कहीं–कहीं लू चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मैदानी जिलों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहेगा। वहीं, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और गरज–चमक की संभावना है। इन क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली चमकने का भी अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय तेज धूप से बचने और पर्वतीय क्षेत्रों में खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।